# "कोविदार"

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

01 अगस्त–31 अगस्त, 2025 | विश्वविद्यालय की ई–मासिक न्यूज पत्रिका | वर्ष: 01 | अंक: 02 | पृष्ठ: 08



**संरक्षक**
कर्नल डॉ0 बिजेन्द्र सिंह
कुलपति

**संपादक**
डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी
जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग

**प्रकाशक**
श्री विनय कुमार सिंह
कुलसचिव

**सम्पादकीय मण्डल**
डॉ. राज नारायण पाण्डेय,
डॉ. अनुराग सिंह,
श्री छितिज द्विवेदी

**संकलन एवं सम्पादन**
रिंका वर्मा, अर्पिता तिवारी, शगुन जायसवाल, दयानंद तिवारी, नावेन्द्र प्रताप सिंह, महिमा पाण्डेय

आप सुधी पाठकों के विचार सादर आमंत्रित हैं।
Avadhuniversity@gmail.com


## अवध विश्वविद्यालय में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस, कुलपति ने फहराया तिरंगा एवं शपथ दिलाई

15 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह द्वारा परिसर स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद एवं सरदार भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद एवं अशफाक उल्ला खां जैसे वीर सपूतों को नमन किया। कुलपति ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने अपने शौर्य को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया है। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा





वल्लभभाई पटेल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण से हुई। इसके पश्चात उन्होंने प्रशासनिक भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अपने संबोधन में कुलपति ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस भारत की गौरवशाली परंपरा, त्याग और बलिदान की जीवंत स्मृति है। यह केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की शुरुआत थी। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों से राष्ट्र भावना को जागृत किया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा कुलपति को परेड सलामी दी गई। समारोह में कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पुर्णेन्दु शुक्ल, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अवध विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में दो प्रमुख भवनों का किया लोकार्पण

04 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा मल्टीपरपज कॉम्प्लेक्स (तुलसी भवन) एवं इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी (धन्वंतरी भवन) का विधिवत लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति ने भवनों का निरीक्षण करते हुए लेक्चर हॉल, प्रयोगशालाओं, शिक्षक कक्षों एवं उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन किया। कुलाधिपति ने फार्मेसी के छात्र–छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं सतर्क जीवन जीने का संदेश दिया। उन्होंने क्रीड़ा परिषद द्वारा आयोजित खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में सहभागिता करते हुए अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के सात–सात विजेता खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह एवं धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया। स्वर्ण पदक विजेताओं को 30,000 रुपये एवं रजत पदक विजेताओं को 15,000 रुपये की धनराशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई। अपने संबोधन में कुलाधिपति ने कहा कि खेल गतिविधियां शारीरिक एवं मानसिक शक्ति का संचार करती हैं तथा नेतृत्व और टीम भावना का विकास करती हैं। उन्होंने महिला खिलाड़ियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे सशक्त बनें और किसी भी प्रकार के अन्याय का डटकर सामना करें। उन्होंने छात्रों को अच्छे विचार अपनाने, निरंतर सीखने एवं माता–पिता व शिक्षकों से संवाद बनाए रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने खेलों को स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक बताया। कुलाधिपति का स्वागत गुरुकुल अयोध्या के बटुकों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से किया गया। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारी, कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पुर्णेन्दु शुक्ल एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रही।




अवध विवि के नवीन परिसर में तुलसी भवन व धन्वंतरी भवन का लोकार्पण करतीं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल। मौके पर कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह व अधिकारीगण मौजूद रहे

"कोविदार"

01 अगस्त–31 अगस्त, 2025, भाद्रपद कृष्ण–सप्तमीः विक्रम संवत् 2082



# अवध विवि के आईईटी के 45 छात्रों का बहुराष्ट्रीय कंपनियों में चयन

अयोध्या। 02 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) के विभिन्न शाखाओं के 45 छात्रों का चयन प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर हुआ है। यह उपलब्धि संस्थान के लिए गौरवपूर्ण मानी जा रही है।



आईईटी अवध विश्वविद्यालय के बहुराष्ट्रीय कंपनियों में चयनित छात्र–छात्राएं, साथ में संस्थान के निदेशक, शिक्षकगण एवं छात्र–छात्राएं

टोयोटा मोटर्स कंपनी लिमिटेड, गुजरात में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 19, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 10 एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 3 छात्रों का चयन किया गया। वहीं हनोन क्लाइमेट सिस्टम लिमिटेड, भिवानी (राजस्थान) में सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की 13 छात्राओं का चयन हुआ है। चयनित छात्राओं में नेहा वर्मा, स्वाति श्रीवास्तव, नीतू मौर्य, सलोनी अस्थाना, शेफाली, शिवानी मनोरमा, निशा यादव, अनन्या खरे, सौम्या एवं रंजन शामिल हैं। आईईटी के निदेशक प्रो. एस.एस. मिश्र ने बताया कि कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में साक्षात्कार आयोजित किए गए थे। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. बृजेश भारद्वाज के मार्गदर्शन में यह प्रक्रिया संपन्न हुई। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पीजी–यूजी प्रवेश काउंसिलिंग 02 अगस्त से

अयोध्या। 01 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में संचालित 39 पीजी एवं 03 यूजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश काउंसिलिंग 02 अगस्त से प्रारंभ होकर 20 अगस्त 2025 तक चलेगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर सत्र 2025–26 की काउंसिलिंग तिथि घोषित की गई है। प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से संपन्न होगी। संबंधित विभागाध्यक्षों व निदेशकों को सूचित कर दिया गया है। वहीं यूजी पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर 14 अगस्त तक सीधे प्रवेश लिया जा सकेगा।

# यश विद्या मंदिर के छात्रों ने किया अवध विश्वविद्यालय के कोशल संग्रहालय का भ्रमण

अयोध्या। 12 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग स्थित कोशल संग्रहालय का यश विद्या मंदिर, अयोध्या के छात्रों ने शैक्षिक भ्रमण किया। छात्रों ने संग्रहालय की तीनों वीथिकाओं (गैलरियों) में प्रदर्शित पुरातात्विक महत्व के अवशेषों, मूर्तियों एवं चित्रों का अवलोकन किया और उनके ऐतिहासिक महत्व को समझा।



विवि के कोशल संग्रहालय का भ्रमण करते यश विद्या मंदिर, अयोध्या के छात्र–छात्राएं।

विभागाध्यक्ष डॉ. संजय चौधरी ने संग्रहालयों की प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि यहां संरक्षित प्राचीन धरोहर हमारी संस्कृति, सभ्यता और समृद्ध विरासत का प्रतीक है। संग्रहालय में प्रदर्शित मूर्तिकला प्राचीन समाज की उन्नत कलात्मक चेतना को दर्शाती है। संग्रहालय के गैलरी असिस्टेंट डॉ. देशराज उपाध्याय ने छात्रों को प्रदर्शित पुरावशेषों की प्राचीनता और उनके ऐतिहासिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विशेषज्ञ एवं संग्रहालय के कर्मचारीगण व छात्र'छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## अवध विवि में पीजी–यूजी प्रवेश काउंसिलिंग प्रारंभ

अयोध्या। 02 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में 39 पीजी एवं 03 यूजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश काउंसिलिंग प्रारंभ हो गई है। पीजी पाठ्यक्रमों में शैक्षिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन के उपरांत 410 अभ्यर्थियों ने समर्थ पोर्टल के माध्यम से काउंसिलिंग कराई, जिनमें से 315 ने शुल्क जमा कर प्रवेश लिया। प्रवेश समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि यूजी पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त निर्धारित है। प्रवेश प्रक्रिया को समिति के सदस्यों द्वारा सम्पन्न कराई गई।

# अवध विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ, शिक्षकों व छात्र–छात्राओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

अयोध्या। 02 अगस्त 2025। अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की प्रेरणा से स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के अंतर्गत कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. आशुतोष सिन्हा तथा ललित कला विभाग के शिक्षकों ने विभाग परिसर एवं उसके आसपास साफ–सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रो. आशुतोष सिन्हा ने कहा कि स्वच्छ परिवेश से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे न केवल मानसिक शांति मिलती है बल्कि प्राकृतिक वातावरण भी शुद्ध होता है।



विवि परिसर में स्वच्छता अभियान के दौरान सफाई करते शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं।

उन्होंने कहा कि सभी को महात्मा गांधी के स्वच्छता संबंधी विचारों से प्रेरणा लेकर इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। प्रो. विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता अभियान समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए आवश्यक है। स्वच्छता से न केवल स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि सामाजिक समावेशन और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती है। इस अभियान में प्रो. प्रिया कुमारी, डॉ. सरिता द्विवेदी, डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रीमा सिंह सहित विभागीय कर्मचारी विजय शुक्ला, कुशाग्र पाण्डेय, हीरा लाल, किसमिता देवी तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अभियान के माध्यम से स्वच्छ एवं स्वस्थ परिसर का संदेश दिया गया।

डिस्क्लेमर : ई–पत्रिका का प्रकाशन पूरी तरह से शैक्षणिक विकास को समर्पित है, इसका कोई भी व्यावसायिक हित नहीं है। सर्वाधिकार @ डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

# "कोविदार"

01 अगस्त–31 अगस्त, 2025, भाद्रपद कृष्ण–सप्तमीः विक्रम संवत् 2082



## हर घर तिरंगा यात्रा–2025' को लेकर कुलपति की अध्यक्षता में हुई बैठक

08 अगस्त, 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा यात्रा–2025 के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जुलाई 2025 में जारी पत्र के अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सवद्2022 की निरंतरता में इस वर्ष भी हर घर तिरंगा अभियान को व्यापक रूप से मनाने पर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि वर्ष 2022 से देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और इसी क्रम में विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों के सभी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा परिसरों को आकर्षक रूप से सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि तीनों परिसरों में तिरंगा सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किए जाएंगे। कुलपति ने कहा कि तिरंगा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, देशभक्ति और गौरव का प्रतीक है। स्वतंत्रता संग्राम में भारत मां के वीर सपूतों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया, जिसकी गौरव गाथा जन–जन तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है।

कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर के सभी भवनों के साथ–साथ शिक्षक आवासों पर भी तिरंगा फहराया जाएगा, जिसके लिए आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा, तिरंगा रंगोली, राखी निर्माण कार्यशाला एवं भव्य तिरंगा म्यूजिकल कंसर्ट जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों की सफलता हेतु समिति का गठन किया गया है, जिसमें अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक को प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कुलपति ने सभी अधिकारियों, शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं से अपील की कि वे तिरंगा सेल्फी प्वाइंट पर फोटो लेकर विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड कर इस राष्ट्रव्यापी जनभागीदारी अभियान का हिस्सा बनें। बैठक में वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, मुख्य नियंता प्रो. एसएस मिश्र, प्रो. चयन कुमार मिश्र, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. नीलम पाठक, प्रो. फर्रूख जमाल व अन्य अधिकारीगण, शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



**कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में 'हर घर तिरंगा यात्रा–2025' को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं विश्वविद्यालय के अधिकारीगण, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, समन्वयक एवं शिक्षकगण।**

## गोस्वामी तुलसीदास के साहित्य में लोकमंगल सर्वोपरिः डॉ. जनार्दन

11 अगस्त 2025। श्रीराम मंगलावतार हैं और श्रीरामचरितमानस भगवान श्रीराम का ग्रंथावतार है। यह धार्मिक, आध्यात्मिक, भौतिक तथा व्यवहारिक धरातल पर समय–समय पर सिद्ध होता रहा है। ये विचार तुलसी साहित्य के मर्मज्ञ डॉ. जनार्दन उपाध्याय ने व्यक्त किए। वे अखिल भारतीय साहित्य परिषद, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अवधी भाषा विभाग एवं अमर शहीद संत कंवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित व्याख्यान एवं कवि गोष्ठी में मुख्य वक्ता थे। व्याख्यान का विषय "गोस्वामी तुलसीदास का लोक चिंतन" रहा, जिसका आयोजन सिंधी अध्ययन केंद्र के सभागार में हुआ। डॉ. उपाध्याय ने कहा कि तुलसीदास के साहित्य में काव्य और कथा का अद्भुत समन्वय है, जो रामचरितमानस को कालजयी बनाता है। उन्होंने बताया कि महान रचनाओं में आध्यात्मिक चिंतन, काव्य सौंदर्य और लोकमंगल की भावना अनिवार्य होती है। कार्यक्रम की भूमिका प्रो. सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने रखी। संचालन डॉ. प्रत्याशा मिश्र ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राम प्रकाश त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर कपिल कुमार, नीलम वरियानी, सीतू वरियानी एवं शोधार्थी मौजूद रहे।



**गोस्वामी तुलसीदास पखवाड़े के अवसर पर आयोजित व्याख्यान में संबोधित करते मुख्य वक्ता डॉ. जनार्दन उपाध्याय एवं अन्य विशिष्टजन।**

## अवध विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस

13 अगस्त 2025।अवध विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में डॉ. एस.आर. रंगनाथन के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस मनाया गया। इस अवसर पर केंद्रीय पुस्तकालय के पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का केंद्र बिंदु है, जहां राष्ट्र के भविष्य का निर्माण होता है। उन्होंने डॉ. रंगनाथन के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि पुस्तकालयाध्यक्ष केवल पुस्तकों का रक्षक नहीं, बल्कि ज्ञान का वाहक और विचारों का प्रसारक होता है। उनके अमूल्य योगदान से असंख्य लोग अपने लक्ष्य की दिशा में अग्रसर होते हैं। इस अवसर पर पुस्तकालय कर्मियों एवं शिक्षकों ने पुस्तकालयाध्यक्षों के योगदान को नमन किया।



कार्यक्रम में कौशल किशोर मिश्र, रामनिवास गौड़, डॉ. अनिल सिंह, आशीष जायसवाल, अमित वर्मा, तौसीफ खान एवं एराफ वेग सहित अन्य उपस्थित रहे।

## महिला छात्रावास में हीमोग्लोबिन जांच शिविर, एनीमिया में 50 प्रतिशत सुधार

19 अगस्त, 2025। अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में अहिल्याबाई होल्कर महिला छात्रावास में छात्राओं एवं महिला कर्मचारियों के लिए हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत कुल 85 छात्राओं की जांच की गई। विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा प्रभारी डॉ. दीपशिखा चौधरी ने बताया कि जिंडा ग्रुप ऑफ फार्मा, मुंबई के सहयोग से आयोजित इस शिविर में पिछले आंकड़ों की तुलना में एनीमिया स्तर में लगभग 50 प्रतिशत सुधार दर्ज किया गया। शिविर में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने साइकिल रैली को दिखाई हरी झंडी
## राष्ट्रीय खेल दिवस पर अवध विश्वविद्यालय में खेल जागरूकता साइकिल रैली

31 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पखवाड़े के अंतर्गत खेल जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली में छात्र–छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने प्रातः 6.30 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल प्रशासनिक भवन के सामने से साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली सरदार पटेल प्रशासनिक भवन से प्रयागराज हाईवे होते हुए नाका मार्ग से आवासीय परिसर स्थित दीक्षा भवन तक गई तथा पुनः वापस लौटकर प्रशासनिक भवन पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में साइकिल रैली में शामिल प्रतिभागी "मेजर ध्यानचंद अमर रहें" और "भारत माता की जय" के जयघोष करते हुए राष्ट्रभक्ति एवं खेल भावना का संदेश देते नजर आए। रैली के दौरान प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।



राष्ट्रीय खेल दिवस पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाते कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह।

रैली के समापन पर कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद कौशल, अनुशासन और खेल उत्कृष्टता के प्रतीक थे। उन्होंने उस समय भारत को अंतरराष्ट्रीय गौरव दिलाया, जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा था। उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाना युवा पीढ़ी को उनके योगदान से परिचित कराता है। कुलपति ने कहा कि आज के मशीनी और भागदौड़ भरे जीवन में युवाओं को नियमित व्यायाम एवं खेलकूद को अपनाकर स्वस्थ और निरोगी जीवन की ओर अग्रसर होना चाहिए। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. एस.एस. मिश्र, प्रो. सुरेंद्र मिश्र, डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, डॉ अनुराग पाण्डेय, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. राज नारायण पांडेय, राजीव त्रिपाठी, डॉ. मोहिनी पांडेय, कुमार मंगलम सिंह, स्वाति उपाध्याय, सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## अवध विश्वविद्यालय में इंडोर खेल प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण संपन्न

30 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के नवीन परिसर स्थित तुलसी भवन के क्रीड़ा विभाग में आयोजित इंडोर खेल प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। प्रतियोगिताएं बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस में छात्र, छात्रा, शिक्षक एवं कर्मचारी वर्ग के मध्य आयोजित की गई थीं।



विवि क्रीड़ा विभाग में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान करते क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह।

बैडमिंटन छात्र वर्ग में अभिनव वर्मा ने प्रथम तथा आशुतोष मिश्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में अंशिका सिंह प्रथम और संजना गिरी द्वितीय स्थान पर रहीं। टेबल टेनिस छात्र वर्ग में आशुतोष प्रथम तथा अरविंद कुमार गौर द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि छात्रा वर्ग में श्रेया ने प्रथम और लक्ष्मी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कर्मचारी एवं शिक्षक पुरुष वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता में आनंद मौर्या प्रथम और डॉ. मनोज द्वितीय रहे। महिला वर्ग में वल्लभी तिवारी ने प्रथम तथा डॉ. मोहिनी पाण्डेय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस कर्मचारी–शिक्षक पुरुष वर्ग में डॉ. अंशुमान पाठक प्रथम और मनोज श्रीवास द्वितीय रहे, जबकि महिला वर्ग में डॉ. मोहिनी पाण्डेय प्रथम एवं वल्लभी तिवारी द्वितीय स्थान पर रहीं।

विजेता खिलाड़ियों को अवध विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास और अनुशासन से ही खेलों में सफलता प्राप्त होती है। समारोह का संचालन डॉ. अनुराग पाण्डेय ने किया तथा क्रीड़ा समिति के सचिव प्रो. सुरेन्द्र मिश्र ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कुमार मंगलम सिंह, डॉ राकेश, डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. शैलेन वर्मा, डॉ. शिवांश कुमार छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## अवध विश्वविद्यालय में खेल दिवस पखवारे के तहत खेल संगोष्ठी का आयोजन

30 अगस्त 2025। अवध विश्वविद्यालय के नवीन परिसर स्थित क्रीड़ा विभाग में खेल दिवस पखवारे के अंतर्गत खेल संगोष्ठी का आयोजन कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महर्षि रामायण विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. आनंद दुबे तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. आशीष प्रताप सिंह रहे।



अवध विश्वविद्यालय में आयोजित खेल संगोष्ठी में उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं प्रतिभागी।

मुख्य वक्ता डॉ. आनंद दुबे ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को खेलकूद में बढ़–चढ़कर भाग लेना चाहिए, क्योंकि खेल से व्यक्तित्व का विकास होता है और टीम भावना सुदृढ़ होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में खिलाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विशिष्ट अतिथि प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने मेजर ध्यानचंद के अनुशासन, परिश्रम और खेल उत्कृष्टता का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने भारत को हॉकी में अंतरराष्ट्रीय गौरव दिलाया।

संस्थान के निदेशक प्रो. एस.एस. मिश्र ने कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ–साथ मानसिक विकास के लिए भी आवश्यक हैं। संगोष्ठी का संचालन डॉ. अनुराग पांडेय ने किया तथा अतिथियों के प्रति आभार प्रो. सुरेंद्र मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ अनिल कुमार मिश्रा, डॉ. कपिल राना, डॉ. आलोक तिवारी, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. गायत्री वर्मा, इंजी. प्रिंस पोद्दार, इंजी, नवीन, इंजी.सोहार्द ओझा, देवेन्द्र कुमार वर्मा, आनन्द मौर्या, शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

"कोविदार"

01 अगस्त–31 अगस्त, 2025, भाद्रपद कृष्ण–सप्तमीः विक्रम संवत् 2082



# तिरंगा हमें राष्ट्र के प्रति कर्तव्य और समर्पण की सीख देता हैः कुलपति

## अवध विश्वविद्यालय में कुलपति के नेतृत्व में निकली 'हर घर तिरंगा' यात्रा

13 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में 'हर घर तिरंगा' यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक परिसर से भारत माता की जयघोष के साथ प्रारंभ हुई। यात्रा में कुलपति, कुलसचिव, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा नाका, मकबरा, पुलिस लाइन होते हुए मंडल कारागार परिसर स्थित अमर शहीद अशफाक उल्ला खां के शहादत स्थल पर पहुंची। वहां कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह, कुलसचिव विनय कुमार सिंह सहित शिक्षकों एवं अधिकारियों ने अमर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि तिरंगा ध्वज भारत की स्वतंत्रता, संप्रभुता, एकता और अखंडता का प्रतीक है। देश के वीर सपूतों ने तिरंगे की आन–बान–शान की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। अमर शहीद अशफाक उल्ला खां का बलिदान राष्ट्रभक्ति, साहस और समर्पण की अमिट प्रेरणा है। उनका शहादत स्थल किसी तीर्थ से कम नहीं है, जो प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति कर्तव्य का स्मरण कराता है।

इसके पश्चात तिरंगा यात्रा पुनः मकबरा व नाका होते हुए विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। लगभग एक किलोमीटर लंबी यह यात्रा राष्ट्रभक्ति के गीतों और जयघोष से गूंजती रही। इस अवसर पर सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम कुलानुशासक प्रो. एस.एस. मिश्र, प्रो. आशुतोष पाठक सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अधिकारी, सिन्हा, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल, प्रो. हिमांशु शेखर कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं शामिल रहे।



अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में 'हर घर तिरंगा' यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में कुलसचिव विनय सिंह व विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र–छात्राएं शामिल हुए।

## भारत विभाजन की त्रासदी पर सिंधी अध्ययन केंद्र में संगोष्ठी

अयोध्या, 14 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सिंधी अध्ययन केंद्र के सेमिनार हॉल में भारत विभाजन की विभीषिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केंद्र के निदेशक प्रो. अनूप कुमार ने कहा कि भारत विभाजन के दौरान करोड़ों लोगों को पलायन, लूटपाट और नरसंहार की भयावह त्रासदी झेलनी पड़ी। लोगों को अपनी मातृभूमि, भाषा और संपत्ति छोड़कर शरणार्थी बनना पड़ा।

सिंधी अध्ययन केंद्र के सलाहकार सरल झापटे ने अपने परिवार से जुड़ी विभाजन की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि सिंध प्रांत के लोगों को सबसे अधिक पीड़ा सहनी पड़ी। उन्होंने बताया कि सामाजिक और सांस्कृतिक ताना–बाना बिखर गया, जिसकी टीस आज भी बनी हुई है। इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के डॉ. अवध नारायण ने कहा कि विभाजन की गाथा हमें एकता, सहिष्णुता और भाईचारे का महत्व समझाती है। कार्यक्रम का संचालन सरल झापटे ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राज नारायण पाण्डेय ने दिया।



सिंधी अध्ययन केंद्र में भारत विभाजन की विभीषिका पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते वक्ता प्रो0 अनूप कुमार व सरल झापटे।

## फोटोग्राफी केवल तकनीक नहीं, दृष्टि की कला हैः डॉ. चतुर्वेदी

### विश्व फोटोग्राफी दिवस पत्रकारिता विभाग में कार्यक्रम का आयोजन

19 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर छात्र–छात्राओं द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने कहा कि फोटोग्राफी केवल तकनीक नहीं, बल्कि देखने की एक विशिष्ट कला है। एक ही दृश्य को अलग–अलग लोग अलग भावों के साथ कैमरे में कैद करते हैं, यही फोटोग्राफी की सबसे बड़ी शक्ति है।

डॉ. आर. एन. पाण्डेय ने कहा कि फोटोग्राफी आज जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। फोटो जर्नलिज्म घटनाओं को प्रमाणिक रूप में समाज के सामने प्रस्तुत करता है और इतिहास को सुरक्षित करता है। कार्यक्रम में छात्रा सगुन ने फोटोग्राफी को विज्ञान एवं अनुसंधान से जोड़ा, जबकि निलेश्वर पाण्डेय ने इसे पत्रकारिता में प्रमाण का सशक्त माध्यम बताया। छात्र सुशील कुमार ने कहा कि फोटोग्राफी सभी क्षेत्रों में एक अनिवार्य साक्ष्य के रूप में प्रयुक्त हो रही है। इस अवसर पर कल्यानी यामनी, सोनिया, अक्स पाण्डेय, अर्पिता तिवारी, रिंका, प्रिंस, आमीर, अलका सहित अन्य मौजूद रहे।



विश्व फोटोग्राफी दिवस पर जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वक्ता एवं छात्र–छात्राएं।

# कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने अवध विश्वविद्यालय के पूर्णकालिक कुलपति का कार्यभार संभाला
## छात्रहित सर्वोपरि, अवध विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान बनाएंगेः कुलपति

11 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आचार्य नरेंद्र देव एवं कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह को अवध विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक कुलपति नियुक्त किया है। नियुक्ति के उपरांत कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों की उपस्थिति में विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया।

कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह एक प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक हैं और उन्होंने कृषि शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उल्लेखनीय है कि 8 मई 2025 से वे कुलाधिपति के निर्देश पर अवध विश्वविद्यालय में कुलपति के रूप में कार्यदायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे थे। पूर्णकालिक कुलपति के रूप में नियुक्ति पर विश्वविद्यालय परिवार की ओर से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कुलसचिव कर्नल विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र



कार्यभार ग्रहण के उपरांत कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह का शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जोरदार स्वागत

शुक्ल, कुलानुशासक, संकायाध्यक्षों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कुलाधिपति एवं राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की पावन जन्मभूमि पर स्थित इस विश्वविद्यालय को उनके आदर्शों के अनुरूप उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। छात्रहित को सर्वोपरि बताते हुए सभी के साथ समान और पारदर्शी व्यवहार का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ल, प्रो एस एस मिश्र, प्रो आशुतोष सिन्हा, प्रो नीलम पाठक, प्रो शैलेंद्र कुमार वर्मा प्रो शैलेंद्र कुमार, प्रो अनूप कुमार, प्रो सिद्धार्थ शुक्ल, प्रोफेसर एसके रायजादा, प्राचार्य प्रो दान पति तिवारी, शिक्षक संघ के अध्यक्ष जनमेजय त्रिपाठी, डॉंदृ राजेश सिंह, प्रोदृ आशीष प्रताप सिंह, डॉ. अवध नरायन, उप कुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य, सहायक कुलसचिव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा के तहत देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता आयोजित

12 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सिंधी अध्ययन केंद्र में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में परिसर के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर देशप्रेम की भावना का प्रदर्शन किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और सांस्कृतिक चेतना का विकास करना है। प्रतियोगिता में निधि श्रीवास्तव ने प्रथम, अभिषेक श्रीवास्तव ने द्वितीय तथा साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. रचना श्रीवास्तव एवं कविता पाठक शामिल रहीं। कार्यक्रम में प्रो. फर्रुख जमाल, प्रो.अनूप कुमार, ज्ञान प्रकाश टेकचंदानी, सांभवी शुक्ला, डॉ. अनुराग सिंह, मंगलम सिंह, कपिल कुमार जन. संपर्क अधिकारी आशीष कुमार मिश्र समेत छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।



अवध विवि में हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता

# एलएलएम, बीफार्मा, डीफार्मा व एमएड प्रवेश परीक्षा 5 अगस्त को

04 अगस्त 2025। अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में संचालित एलएलएम, बीफार्मा, डीफार्मा एवं एमएड पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएँ 5 अगस्त 2025 को विश्वविद्यालय परिसर स्थित दो परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि एलएलएम एवं बीफार्मा की परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगी, जिसके लिए परीक्षार्थियों को सुबह 9:00 बजे तक केंद्र पर रिपोर्ट करना अनिवार्य है। वहीं डीफार्मा एवं एमएड की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से आयोजित की जाएगी, जिसमें परीक्षार्थियों का रिपोर्टिंग समय दोपहर 1:00 बजे निर्धारित किया गया है। प्रचेता भवन में एलएलएम के 295 एवं डीफार्मा के 98 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, जबकि सी.वी. रमन भौतिक भवन में एमएड के 161 एवं बीफार्मा के परीक्षार्थियों की परीक्षा संपन्न होगी। संबंधित सभी पाठ्यक्रमों के प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट अपलोड कर दिए गए हैं।

# पीजी काउंसलिंग में 111 छात्रों ने लिया प्रवेश

06 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में संचालित पीजी पाठ्यक्रमों की काउंसलिंग के अंतर्गत आज विभिन्न विषयों में 111 छात्रों ने अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराकर प्रवेश लिया। समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। यूजी व



पीजी पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश भी जारी है, जिसकी अंतिम तिथि 14 अगस्त निर्धारित है।

## कुलपति की अध्यक्षता में बैठक, विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट संस्थान बनाने का आह्वान

07 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के 4 अगस्त के विश्वविद्यालय भ्रमण के संदर्भ में चर्चा हुई। इस दौरान नवीन परिसर स्थित तुलसी एवं धनवंतरी भवन के लोकार्पण तथा अहिल्याबाई होल्कर महिला छात्रावास के तीनों ब्लॉक, आचार्य नरेंद्र देव महिला छात्रावास, लवकुश एवं सरयू छात्रावास के निरीक्षण पर संतोष व्यक्त किया गया। कुलपति ने कुलाधिपति द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति पर जताई गई प्रसन्नता का उल्लेख करते हुए अधिकारियों, निदेशकों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से विश्वविद्यालय को एक उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित करना हमारा संकल्प है। नए शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए पठन–पाठन की सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में कुलसचिव विनय कुमार सिंह वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, कुलानुशासक, प्रो. एसएस मिश्र, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, प्रो सी के मिश्र, प्रो. नीलम पाठक, प्रो शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो शैलेंद्र कुमार, प्रो हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला, प्रो सुरेन्द्र मिश्र, उप कुलसचिव दिनेश मौर्य, डॉ. रीमा श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।



**बैठक में विश्वविद्यालय की प्रगति पर चर्चा करते कुलपति एवं उपस्थित अधिकारी।**

## अविवि में वायु गुणवत्ता निगरानी परियोजना में चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

26 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा संचालित "अम्बेडकर नगर, गोंडा, बहराइच एवं श्रावस्ती जनपदों में परिवेशीय वायु गुणवत्ता निगरानी" परियोजना के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रायोजित है, जिसका उद्देश्य चारों जनपदों में वायु प्रदूषण की स्थिति का वैज्ञानिक एवं सतत मूल्यांकन करना है। परियोजना के तहत चार शोध सहायक एवं सोलह क्षेत्र सहायकों का चयन किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को वायु गुणवत्ता मापन यंत्रों के संचालन, नमूना संग्रहण, डेटा विश्लेषण तथा पीएम10, पीएम2.5, सल्फर ऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसे प्रमुख प्रदूषकों के परीक्षण की तकनीकी जानकारी दी जा रही है। फील्ड सर्वेक्षण एवं उपकरणों की देखभाल का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी शामिल है। परियोजना प्रभारी डॉ. विनोद कुमार चौधरी ने बताया कि यह परियोजना पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे प्राप्त डाटाबेस भविष्य में प्रदूषण नियंत्रण नीति निर्माण, जनजागरूकता और पर्यावरणीय प्रबंधन में सहायक सिद्ध होगा। यह परियोजना छात्रों को शोध और रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी।



**वायु गुणवत्ता निगरानी" परियोजना के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण**

## जनसंचार विभाग में एआई आधारित विशेष कार्यशाला का आयोजन

18 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा एक दिवसीय विशेष कार्यशाला "एआई फॉर डिजिटल रेडीनेस एंड एडवांसमेंट" (अडीरा) का आयोजन हाइब्रिड मोड में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता एमसीजे समन्वयक प्रो. अनूप कुमार ने की। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी केवल पारंपरिक शिक्षा तक सीमित न रहें, बल्कि भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करें। मीडिया शिक्षा में डिजिटल रेडीनेस और एआई साक्षरता अब अनिवार्य हो चुकी है। कार्यशाला के प्रशिक्षक डॉ. मनीष जैसल, सहायक आचार्य, आईटीएम विश्वविद्यालय ग्वालियर ने मीडिया क्षेत्र में एआई के बढ़ते उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समाचार लेखन, ग्राफिक डिजाइन, वीडियो निर्माण, तथ्य–जांच और फेक कंटेंट पहचान से जुड़े एआई टूल्स का लाइव डेमो प्रस्तुत किया। कार्यशाला के समन्वयक डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि अडीरा पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को एआई के सुरक्षित, रचनात्मक और नैतिक उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चतुर्वेदी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आरएन पाण्डेय ने किया। कार्यशाला में बी.वोक. एवं एमए एमसीजे के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।




## राष्ट्रीय समाज कार्य सप्ताह के तहत ओसीडी पर एकदिवसीय कार्यशाला

20 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में छठे राष्ट्रीय समाज कार्य सप्ताह 2025 के अंतर्गत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता मनोचिकित्सक डॉ. आलोक मनदर्शन ने ओसीडी (आब्सेसिव कम्पल्सिव डिसऑर्डर) के लक्षण, प्रकार एवं उपचार पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ओसीडी में नकारात्मक विचारों की बार–बार पुनरावृत्ति और उनसे छुटकारा पाने के लिए किए जाने वाले असामान्य व्यवहार दिखाई देते हैं। जागरूकता, ईआरपी थैरेपी तथा दवाएं इसके प्रभावी उपचार हैं। कार्यशाला का संचालन डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन स्वतंत्र त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।



# "कोविदार"

01 अगस्त–31 अगस्त, 2025, भाद्रपद कृष्ण–सप्तमीः विक्रम संवत् 2082



## कैम्पस बुलेटिन

- 21 अगस्त 2025। अवध विवि के पर्यावरण विज्ञान विभाग को वायु गुणवत्ता निगरानी के अत्याधुनिक उपकरण प्राप्त हुए।
- 23 अगस्त 2025। अवध विश्वविद्यालय में एनसीसी बी ग्रेड प्रथम वर्ष की लिखित परीक्षा आयोजित।
- 25 अगस्त 2025। अवध विवि में इतिहास एवं पुरातत्व विभाग का नवागत छात्र ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित।
- 26 अगस्त 2025। बीसीए छात्रों का टीसीएस में चयन, विभाग में हर्ष का माहौल।
- 27 अगस्त 2025। अवध विश्वविद्यालय में 30वें दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर बैठक।
- 30 अगस्त 2025। गणित विभाग में दीक्षारंभ, पॉजिटिव थिंकिंग व एंटी–रैगिंग पर जागरूकता व्याख्यान।
- 29 अगस्त 2025। अवध विवि में खेल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित।

## एलएलएम, बीफार्मा, डीफार्म व एमएड प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

05 अगस्त 2025। अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में एलएलएम, बीफार्मा, डीफार्मा एवं एमएड की प्रवेश परीक्षा मंगलवार को सकुशल



सम्पन्न हुई। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर दो केंद्रों पर कड़ी निगरानी में परीक्षा कराई गई। दो पालियों में कुल 788 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 245 अनुपस्थित रहे। समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

## अविवि के छात्र सौरभ कुमार ने जेआरएफ परीक्षा में सफलता पाई

22 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम के छात्र सौरभ कुमार ने सीएसआईआर द्वारा आयोजित जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर 99.72 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह सहित विभागीय शिक्षकों ने छात्र को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कुलपति ने नवीन परिसर में लोकार्पण तैयारियों का लिया जायजा

03 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के नवीन परिसर का कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया। प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा शीघ्र ही मल्टी पर्पस कंपलेक्स (तुलसी भवन) एवं इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी (धन्वंतरी भवन) का लोकार्पण किया जाना है। कुलपति ने लोकार्पण की तैयारियों का अवलोकन कर साफ–सफाई, साज–सज्जा एवं व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ल, प्रो आशुतोष कुमार सिन्हा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो नीलम पाठक, प्रो शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो सुरेन्द्र मिश्रा, डॉ विनोद कुमार चौधरी, क्रीड़ा सचिव प्रो आशीष प्रताप सिंह, सहायक अभियंता आरके सिंह सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



विवि के नवीन परिसर में लोकार्पण तैयारियों का निरीक्षण करते कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह।

## विश्वविद्यालय में एंटी रैगिंग व देशभक्ति विषय पर रचनात्मक प्रतियोगिताएँ आयोजित

12 अगस्त 2025। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय एंटी रैगिंग और देशभक्ति रहा। इसके साथ ही फैशन डिजाइनिंग विभाग द्वारा राखी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की परिकल्पना के अनुरूप स्वतंत्रता दिवस से पूर्व इन गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास के साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रस्तावित हैं। चयनित विजेताओं को 15 अगस्त के समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर ललित कला विभाग के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र मिश्र, प्रतियोगिता की संयोजक डॉ.सरिता द्विवेदी ललित कला विभाग, सह संयोजक रीमा सिंह, प्रो. प्रिया कुमारी, डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रचना श्रीवास्तव व अन्य प्रतिभागी मौजूद रहे।



## समर्थ पोर्टल की तकनीकी समस्याओं के समाधान को लेकर संबद्ध महाविद्यालयों की बैठक

23 अगस्त 2025। अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में संबद्ध महाविद्यालयों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अयोध्या जनपद के 30 संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं तकनीकी स्टाफ ने सहभागिता की। सत्र 2025–26 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन किए जा रहे हैं, जिसमें कुछ छात्रों को तकनीकी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। प्रवेश समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि छात्रहित को ध्यान में रखते हुए तकनीकी समाधान के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई, जिसमें महाविद्यालयों के तकनीकी स्टाफ को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कुलसचिव कार्यालय से जारी पत्र अनुसार परिसर एवं संबद्ध महाविद्यालयों के स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अगस्त से बढ़ाकर 30 अगस्त 2025 कर दी गई है।



संत कबीर समागार में समर्थ पोर्टल संबंधी तकनीकी प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित प्राचार्य एवं तकनीकी स्टाफ।